सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-519
25/11/2016

नालंदा विश्वविद्यालय की विशिष्ट प्रकृति एवं मूल भावना को अक्षुण्ण रखते हुये केन्द्र सरकार को सकारात्मक कदम उठाना चाहिये :– मुख्यमंत्री

पटना, 25 नवम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जॉर्ज यो के त्याग पत्र देने एवं इससे संबंधित घटनाक्रम पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा है कि इस पूरे प्रकरण से विश्वविद्यालय किस दिशा में जा रहा है, इसको लेकर संशय का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा है कि यदि इस विश्वविद्यालय के गठन के समय से जुड़े सभी व्यक्ति इसे छोड़ देंगे तो 'आइडिया ऑफ नालंदा' की मूल भावना प्रभावित होगी। मुख्यमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में श्री अमर्त्य सेन एवं श्री जॉर्ज यो के योगदान की प्रशंसा करते हुये कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का गठन बिहार सरकार की पहल पर किया गया था और इस विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की बुनियादी बातें, इसकी विशिष्ट प्रकृति एवं मूल भावना को अक्षुण्ण रखते हुये केन्द्र सरकार को सकारात्मक कदम उठाना चाहिये, जिससे नालंदा की गरिमामय इतिहास को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय का और विकास हो सके। राज्य सरकार इसके सर्वांगीण विकास के लिये पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि केन्द्र सरकार इन तथ्यों को ध्यान रखते हुये आवश्यक कार्रवाई करेगी।

******